उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ
वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in ; ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com

पत्रांक : जी– II / 394 / एस0एच0सी0 / 2024 दिनांक : 12.09.2024

सेवा में

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ / बरेली / ग़ाजियाबाद।

विषयः हज–2025 के इच्छुक हज आवेदकों को पासपोर्ट निर्गत किये जाने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के सर्कुलर–5 दिनांक 11.09.2024 जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि संयुक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समस्त क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों को पत्र दिनांक 10.09.2024 जारी कर निर्देश दिये गये हैं कि इच्छुक हज आवेदकों के हज हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 23.09.2024 से पूर्व पासपोर्ट हेतु आवेदनों की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें, पासपोर्ट शीघ्र निर्गत करें व पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, ग्रांट अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देश निर्गत करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 23.09.2024 से पूर्व निर्गत हो सकें व हज–2025 हेतु इच्छुक आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन हो सकें।

हज कमेटी आफ इण्डिया की गाइडलाइंस के अनुसार हज–2025 हेतु आवेदन करने हेतु आवेदनकर्ता के पास आवेदन की अन्तिम तिथि 23.09.2024 से पूर्व जारी वैध मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध होना आवश्यक है और जिसकी अवधि कम से कम 15 जनवरी, 2026 तक हो।

अतः उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, ग्रांट अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों को उक्त निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 23.09.2024 से पूर्व निर्गत हो सकें, जिससे कि हज–2025 हेतु इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकें।

भवदीय,

संलग्नक : हज कमेटी आफ इण्डिया का सर्कलर–5 व
विदेश मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र दि0 10.09.2024

(एस.पी. तिवारी)
सचिव / कार्यपालक अधिकारी

पत्रांक ....तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को कृत कार्यवाही से अवगतार्थ।
2. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
5. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. हज सत्र –2025 पत्रावली हेतु।

(एस.पी. तिवारी)
सचिव / कार्यपालक अधिकारी